# हिन्दी

# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

सब घट अंतर रमसि निरंतर, मैं देखन नहिं जाना।
गुन सब तोर, मोर सब अवगुन, कृत उपकार न माना॥
मैं, तैं, तोरि-मोरि असमझि सौं, कैसे करि निस्तारा।
कह 'रैदास' कृष्ण करुणामय! जै-जै जगत-अधारा॥

**अथवा**

वैराग्य छोड़ बाहों की विभा सँभालो,
चट्टानों की छाती से दूध निकालो।
है रुकी जहाँ भी धार, शिलाएँ तोड़ो,
पीयूष चंद्रमाओं को पकड़ निचोड़ो।
चढ़ तुंग शैल-शिखरों पर सोम पियो रे!
योगियों नहीं, विजयी के सदृश जियो रे!

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करै, भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाय॥

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) काव्यांश के आधार पर राम और भरत के प्रेम की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) कठपुतली बनकर जीने वाले व्यक्ति की **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(ग) महादेवी वर्मा ने अपने जीवन को 'नीर भरी बदली' क्यों कहा है? **दो** कारण समझाइए।

Download From: http://cbseportal.com

**3.** (क) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियाँ किस छन्द में लिखी गयी हैं? 1

मैं जानउँ निजनाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ॥

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में निहित अलंकार का नाम बताइए : 1

नीरज नयन नेह-जल बाढ़े।

**4.** निराला की कविता 'मौन' **अथवा** मुक्तिबोध की कविता 'मुझे कदम-कदम पर' का केन्द्रीय भाव लिखिए। 2

**5.** प्रगतिवादी **अथवा** छायावादी काव्यधारा की **दो** विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 2

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

दण्ड कोप का ही एक विधान है। राजदण्ड राजकोप है, और लोककोप धर्मकोप है। जहाँ राजकोप धर्मकोप से एकदम भिन्न दिखाई पड़े, वहाँ उसे राजकोप न समझकर कुछ विशेष मनुष्यों का कोप समझना चाहिए। ऐसा कोप राजकोप के महत्त्व और पवित्रता का अधिकारी नहीं हो सकता।

**अथवा**

जीवन में देह है, जीवन में आत्मा है। देह है नाशशील और आत्मा है शाश्वत, तो आत्मा को हिलना-झुकना नहीं है और देह को निरन्तर हिलना-झुकना ही है; नहीं तो हम हो जाएँगे रामलीला के रावण की तरह, जो बाँस की खपच्चियों पर खड़ा रहता है—न हिलता है, न झुकता है।

**7.** पठित पाठ के आधार पर हरिशंकर परसाई **अथवा** हजारी प्रसाद द्विवेदी की भाषा-शैली की किन्हीं **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 2

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50–50* शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) डॉ० रघुवंश के व्यक्तित्व की किन्हीं **तीन** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'कुटज' की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) लेखक को क्यों लगता है कि आम भारतीय को अनपढ़ बनाए रखने की साजिश रची जा रही है? पठित पाठ के आधार पर **तीन** कारण लिखिए।

**9.** (क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर कुमुद के चरित्र की **तीन** विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 3

(ख) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास में उभारे गए बुन्देलखण्ड के आंचलिक परिवेश के **तीन** उदाहरण दीजिए। 3

**अथवा**

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की संवाद-योजना की **तीन** विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

Download From: http://cbseportal.com

**10.** (क) विराटा के पतन की सम्भावना पर कुंजर सिंह ने कुमुद से क्या कहा? 1

(ख) कुमुद के दुर्गा का अवतार होने का विश्वास क्यों फैला? 1

**11.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दुर्बल-सी साधारण काया किंतु असाधारण माया,
एक मंत्र से जनता जागी चली साथ बन पद-छाया।
नमक दायिनी धरती भी जब कर कानूनों से जकड़ी,
वो टाँगें बनके विराट चल पड़ीं हाथ में लिए छड़ी।

अमृत का घट दिया राष्ट्र को, राष्ट्रपिता ने ज़हर पिया
हृदय रक्त से स्वतंत्रता का सबसे पहले तिलक किया।
उस अंतिम प्रहार को भी हँसकर छाती पर थाम लिया
धरती सिसक उठी जब उसने राम-राम का नाम लिया।

(क) कविता किसके बारे में है? आप ऐसा किस आधार पर मानते हैं? 1

(ख) उस साधारण व्यक्ति में क्या-क्या असाधारण था? 1

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए : 1

हृदय रक्त से स्वतंत्रता का सबसे पहले तिलक किया।

(घ) धरती के सिसक उठने का क्या कारण था? 1

(ङ) ''नमक दायिनी धरती...'' कथन में किस आन्दोलन की ओर संकेत है? 1

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मेरे बाबूजी हिन्दी साहित्य क्षेत्र के दिग्गज रहे हैं। उनकी दिनचर्या निश्चित थी। जब मैं कॉलेज में था, उन दिनों वे मुझे रोज सुबह पाँच बजे उठा देते थे और खुद रात के तीन बजे ही उठ जाते थे। जब मैंने राजनीति में उतरने का फैसला किया तो वे बहुत उद्विग्न हो उठे, पर साथ ही उन्होंने मुझे यह भी कहा कि अगर तुम्हें लगता है कि तुम जो कुछ भी कर रहे हो वह उचित है तो मैं तुम्हें नहीं रोकूँगा। इलाहाबाद पहुँचने के कुछ दिन बाद ही मुझे लगा कि मैंने गलत निर्णय कर लिया है। मैंने जब उनसे अपने मन की बात कही तो उन्होंने कहा, ''सामान बाँधकर चले आओ, तुम्हारी ओर से सफाई मैं दे दूँगा।'' मगर मेरी माँ और जया ने कहा कि मैंने जनता से जो वादा किया है, उसे निभाना मेरा कर्तव्य है। चुनावों के दौरान उन्होंने इलाहाबाद की गलियों में मेरे लिए चुनाव-प्रचार किया वह भी इस उम्र में! वे हर काम में मुझे अपनी राय जरूर देते थे। पर मेरे ऊपर दबाव कभी नहीं डालते थे। बाद में जब मुझ पर राजनीतिक हमले होने लगे तो वे बड़े चिन्तित हो उठे। उन्होंने मुझे अपने पास बुलाया और पूछा, ''तुमने कोई गलत काम तो नहीं किया न?'' बस, उसी पल मैंने निर्णय ले लिया कि मैं उन आरोपों से लड़ूँगा।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) यह गद्यांश किसकी आत्मकथा का अंश है? आप ऐसा क्यों सोचते हैं? 1

Download From: http://cbseportal.com

(ग) बाबूजी किस क्षेत्र के 'दिग्गज' थे? 1

(घ) बाबूजी किस बात से उद्विग्न थे? 1

(ङ) राजनीति के मैदान में उतर रहे पुत्र को पिता ने क्या कहा? 1

(च) जब पुत्र को लगा कि निर्णय गलत था तो पिता ने क्या कहा? 1

(छ) माँ और पत्नी ने उसे क्यों रोक लिया? 1

(ज) "वह भी इस उम्र में" कथन का आशय बताइए। 1

(झ) लेखक को आरोपों से लड़ने की हिम्मत कैसे मिली? 1

(ञ) मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए : 1

चिन्तित ; राजनीतिक।

(ट) विग्रह कर समास का नाम लिखिए : 1

चुनाव-प्रचार।

**13.** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) लघु+उत्तर ; परि+अटन (संधि कीजिए) 1

(ख) आप अभी चले जाओ। (वाक्य शुद्ध कीजिए) 1

(ग) इससे पहले कि मैं कुछ कहूँ, वह बोल पड़ा। (सरल वाक्य में बदलिए) 1

(घ) मैरी कॉम का स्वागत किया जाएगा। (कर्तृवाच्य में बदलिए) 1

(ङ) आज मैं चला जाऊँगा। (प्रश्नार्थक वाक्य में बदलिए) 1

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव-पल्लवन कीजिए : 3

(क) अनजाना मार्ग और मैं अकेला

(ख) कच्चे धागे का पक्का बन्धन

**15.** टिप्पण किसे कहा जाता है? टिप्पण के किसी **एक** प्रकार को समझाइए। 3

**अथवा**

प्रारूपण से आप क्या समझते हैं? प्रारूपण की **दो** विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

Download From: http://cbseportal.com

**16.** निम्नलिखित अवतरण का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए और शीर्षक भी दीजिए : 3+1=4

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा पाया भी कहा जाता है, क्योंकि यह लोगों में जागरूकता पैदा करता है और जनप्रतिनिधियों को उनके कर्तव्य की याद दिलाता रहता है, किन्तु कभी-कभी मीडिया की भूमिका संदिग्ध भी होती है। हाल ही में इंटरनेट जैसे साधनों के द्वारा अफवाहें फैलाई गईं जो अन्ततः दंगों का कारण भी बनीं। दो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने से भारतीय समाज के ताने-बाने को क्षति पहुँचती है। ऐसे में मीडिया को सतर्कता बरतनी चाहिए। उनकी रिपोर्टिंग सन्तुलित होनी चाहिए। मीडिया की भूमिका पर सवाल उठना न देश के हित में है, न मीडिया के, क्योंकि इससे विश्वास का संकट पैदा होता है।

**अथवा**

कल्पना कीजिए कि आपने किसी शहर में हुए दंगे को देखा। इसकी एक संक्षिप्त संतुलित रपट बनाइए। 4

**17.** आपके चहेते खिलाड़ी के घर जाने और पदक न प्राप्त कर पाने पर आपको कैसा लगा? संक्षेप में लिखिए। 2

**18.** कुछ राज्यों में साइबर-अपराधों के निम्नलिखित आँकड़ों को दण्ड आरेख (बार डायग्राम) के द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 101 |
| दिल्ली | 50 |
| बिहार | 25 |
| झारखण्ड | 8 |
| उत्तराखण्ड | 10 |

**19.** आप ग्रीष्मावकाश में पर्वतारोहण प्रशिक्षण संस्थान, उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) से पर्वतारोहण सीखना चाहते हैं। संस्थान के निदेशक को प्रशिक्षण की अवधि, शुल्क, उपयोगिता आदि के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

पर्वतारोहण के लाभों को समझाते हुए अपने मित्र को ग्रीष्मावकाश में अपने साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करने को पत्र लिखिए।

**20.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) यदि मैं प्रधानमंत्री होता

(ख) बाढ़ का दृश्य

(ग) भ्रष्टाचार का समाधान क्या हो

(घ) अंग्रेजी भी है जरूरी

Download From: http://cbseportal.com

www.cbseportal.com

## खण्ड–ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

**21.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1

(क) पीत पत्रकारिता

(ख) विज्ञापन

(ग) पी० टी० आइ०

**22.** (क) समाचार किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) सूचना प्रौद्योगिकी से आई संचार क्रान्ति के **दो** लाभ लिखिए। 2

**23.** आपके शहर या राजधानी में किसी राजनैतिक दल ने सामाजिक मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बारे में मुद्रित माध्यम के लिए छोटा-सा समाचार लिखिए। 3

**24.** आपके पुस्तकालय के लिए एक सहायक की आवश्यकता है। जिसके लिए आप विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त करना चाहते हैं। पद के लिए आवश्यक न्यूनतम शिक्षा, अनुभव, प्रशिक्षण आदि का उल्लेख करते हुए विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए। 3

**25.** (क) समाचार संकलन के किन्हीं **दो** स्रोतों पर प्रकाश डालिए। 2

(ख) दूरदर्शन के लिए उपयुक्त भाषा की किन्हीं **दो** विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 2

## खण्ड–ग

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

**21.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : 1

(क) हार्मोन

(ख) मृत्युदर

(ग) अल्ट कुंजी

www.cbseportal.com
Download From: http://cbseportal.com

**22.** (क) 'चरकसंहिता' पर एक टिप्पणी लिखिए। 2

(ख) आर्यभट्ट कौन थे? उनकी किसी **एक** खोज पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 2

**23.** वैज्ञानिक दृष्टि क्या है? अन्धविश्वासों से छुटकारा पाने में इसकी क्या भूमिका है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

जनसंख्या-वृद्धि पर नियंत्रण क्यों आवश्यक है? नियंत्रण के लिए उपयुक्त किन्हीं **तीन** उपायों पर प्रकाश डालिए।

**24.** विज्ञान की भाषा और सामान्य भाषा में अन्तर के **तीन** बिन्दुओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 3

**25.** कार्यालयों में कम्प्यूटर का प्रयोग दिनोंदिन बढ़ रहा है, इसके **तीन** कारणों की चर्चा कीजिए। 3

★ ★ ★

www.cbseportal.com

Download From: http://cbseportal.com